**शक्ति-चालित करघों के लिये राजस्थान सरकार का अनुरोध**

87. **श्री मूलचन्द डागा** : क्या वैदेशिक व्यापार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान सरकार ने अपने राज्य में शक्ति-चालित करघे लगाये जाने के लिए अनुरोध किया है और यदि हां, तो कब और कितने शक्ति-चालित करघों की माँग की गई है;

(ख) उक्त मांग कब तक पूरी कर दी जाएगी; और

(ग) क्या राजस्थान सरकार का अन्य राज्यों की तुलना में कम शक्ति-चालित करघे लगाने की अनुमति दी गई है और यदि हां, तो इसके कारण क्या हैं ?

**वैदेशिक व्यापार मंत्री (श्री ललित नारायण मिश्र)** : (क) तथा (ख). जुलाई 1969 से राजस्थान सरकार अनुरोध कर रही हैं कि चौथी पंचवर्षीय योजना में उनके लिये नियत किये गये कोटे के अलावा, उन्हें 3,000 से 7,000 तक शक्ति-चालित करघों का अतिरिक्त आवंटन किया जाये। उनके इस अनुरोध पर, अन्य राज्य सरकारों तथा संघ-प्रदेशों से इस प्रकार प्राप्य आवेदन-पत्रों पर विचार करते समय समुचित विचार किया जायेगा।

(ग) विभिन्न राज्यों तथा संघ प्रदेशों को शक्ति-चालित करघों का आवंटन करते समय जनसंख्या, राज्यों में विद्यमान पंजीकृत हथकरघों की संख्या, क्षेत्र के सापेक्ष पिछड़ेपन और कताई मिलों आदि की सन्निकटता जैसी बातों को ध्यान में रखा गया था। इस आधार पर राजस्थान को दिया गया नियतन कुछ अन्य राज्यों को दिये गये आवंटनों से कम था।

**Rise in Prices of Cloth in Bihar**

88. SHRI BHOGENDRA JHA : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) what is the extent of rise in the prices of cloth during the last six months in the various States and in Bihar in particular; and

(b) what are the causes of this price rise and the steps being taken to check the same?

THE MINISTER OF FOREIGN TRADE (SHRI L. N. MISHRA) : (a) The prices of controlled cloth have not been revised and no increase allowed since 2nd May, 1968. Some reports were received by the Government of India that some retailers in certain States including Bihar were charging over and above the prices stamped in respect of controlled varieties of cloth. On receipt of such information State Governments were asked to take suitable action under the provisions of Essential Commodities Act, prevailing prices of non-controlled cloth show that the range of increase during the period September, 1970 to February, 1971 has been of the order of 1.7 to 25.7 per cent. No State-wise data on the prices of cloth is available.

(b) The prices of non-controlled cloth are dictated purely by the demand and supply position, and by the popularity of certain brands as also by the availability and prices of raw cotton which goes into its production. The Government has taken suitable measures to arrest upward price trends of raw cotton. As regards the controlled cloth, the State Governments have been requested to enforce control order and to take appropriate measures against offending parties.